दिनांकः 02.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे–प्रदेश के 75 लाख किसानों के खातों में 1600 करोड़ से अधिक की राशि हस्तान्तरित की जाएगी।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के प्रमुख शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम और सुचारू बनाने के निर्देश दिये।

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–देशभर के 73 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन निदेशक लगाए जाएंगे।

- बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में आज कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना–जयपुर और भरतपुर सांभाग में मध्यम से तेज बरसात का पूर्वानुमान।

................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इसमें देशभर के 9 करोड़ 70 लाख किसानों को 20 हजार 500 करोड़ रूपये की राशि उनके बैंक खातों में हस्तान्तरित की जाएगी। इसके साथ ही इस योजना के तहत कुल वितरण 3 लाख 90 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा।

इधर प्रदेश के 75 लाख किसानों को 1600 करोड़ से अधिक की राशि हस्तान्तरित की जाएगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम बांसवाड़ा में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

................

मुख्यमंत्री समारोह के दौरान कृषि विभाग की पॉलीहाउस, सौर ऊर्जा पंप संयंत्र, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, तारबंदी और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत लाभार्थी किसानों को अनुदान राशि के चेक वितरित करेंगे।

मुख्यमंत्री दौसा के बहरावण्डा स्थित पपीता उत्कृष्टता केन्द्र और टोंक के देवड़ावास स्थित मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र के भवन निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा धौलपुर के खेमरी में बनाये गये उद्यानिकी ग्राह्य परीक्षण केन्द्र के भवन का लोकार्पण भी किया जाएगा। साथ ही, लाभार्थियों को सरस डेयरी बूथ, पीडीसीएस तथा सरस मिनी मार्ट के आवंटन पत्र भी सौंपे जाएंगे। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जोधपुर में और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी अजमेर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सभी जिलों में सीधा प्रसारण किया जाएगा।

................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा प्रवास पर रहेंगे। वे रेलवे जनसम्पर्क अधिकारियों की संगोष्ठी में भाग लेंगे। इसके बाद बपावर कृषि मंडी में आयोजित लाडली बहना सामूहिक रक्षा बंधन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। उधर, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज एक दिन के दौरे पर जोधपुर रहेंगे। वे वहां आईआईटी जोधपुर के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद श्री मेघवाल अन्य कार्यक्रमों और बैठकों में हिस्सा लेंगे।

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के प्रमुख शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम और सुचारू बनाने को कहा है। कल मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में उन्होंने शहरी यातायात व्यवस्था पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। श्री शर्मा ने पुलिस और यातायात अधिकारियों को आमजन को जागरुक करते हुए ट्रैफिक सेंस को बढ़ावा दिये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने राजधानी जयपुर में ट्रैफिक जाम से राहत के लिए व्यापारियों और आमजन से सुझाव लेकर भीड़ भाड़ वाले इलाकों में वन वे ट्रैफिक संचालन की व्यवस्था शुरू करने को कहा। उन्होंने मानसून के बाद हीरापुरा बस टर्मिनल से बसों का

संचालन करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भीड़भाड़ वाले 73 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन निदेशक की तैनाती की जाएगी, जो त्योहारों के दौरान स्टेशन पर भीड़भाड़ कम करने के लिये तुरंत निर्णय ले सकेगा। राज्यसभा में कल एक लिखित उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे स्टेशनों के बाहर स्थायी होल्डिंग एरिया और चौड़े फुट ओवर ब्रिज बनाकर भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि केवल कन्फर्म टिकट धारकों को प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। टिकट रहित और प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को रेलगाड़ी के आने तक बाहर प्रतीक्षा कक्ष में रुकना होगा।

................

राजस्थान विधानसभा में आज युवा संसद आयोजित की जाएगी। इसमें राजस्थान सहित 13 राज्यों के 168 युवा भाग लेंगे। इनमें 55 विद्यालयों के 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी शामिल हैं। राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा की ओर से आयोजित इस युवा संसद का विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुभारंभ करेंगे। समारोह में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और संघ के सचिव संदीप शर्मा भी मौजूद रहेंगे। युवा संसद में प्रतिभागी देश की सुरक्षा से संबंधित अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद करेंगे। इसका विधानसभा के यू–ट्यूब चैनल पर सजीव प्रसारण किया जायेगा।

................

राज्य में 1 जून से 1 अगस्त तक 403 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है, जो कि सामान्य वर्षा का 94 प्रतिशत है। अच्छी बारिश से राज्य के 260 बांध पूरी तरह भर चुके हैं। इनमें से 202 में जल स्तर लगातार बढ़ रहा है।

इस बीच, कल भी प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बरसात हुई। पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर में अच्छी बारिश हुई। हनुमानगढ़ में बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया। श्रीगंगानगर में तेज बरसात से जनजीवन प्रभावित है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जलभराव वाले इलाकों में प्रशासन की ओर से राहत और बचाव के काम किये जा रहे हैं।

................

मौसम विभाग के अनुसार आज बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। वहीं जयपुर और भरतपुर सांभाग में कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बरसात का पूर्वानुमान है। भरतपुर और जयपुर संभाग में कल से फिर से भारी बारिश की आशंका है।

................

रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में नए पर्यटन सत्र के लिए वन विभाग की ओर से ऑनलाइन एडवांस बुकिंग शुरू कर दी गई है। ये सत्र 1 अक्टूबर से शुरु होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल पहले दिन बड़ी संख्या में बुकिंग की गयी।

................